Title: Need to retain National Institute of Sugar Technology in Mau District of U.P.

श्री बालकृण चौहान (घोसी) : सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र घोसी-मऊ (उ.प्र.) के जिला मुख्यालय मऊ में लगभग आठ वर्ाों से निर्माणाधीन रा्ट्रीय गन्ना और चीनी प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर दिलाना चाहता हूं। मऊ पूर्वांचल उ.प्र. का एक अविकसित जिला है जहां केन्द्र सरकार ने 1986 में उक्त संस्थान के निर्माण की नींव डाली। 70 एकड़ भूखंड में फैले उक्त संस्थान की अधिकांश इमारतें पूर्ण हो चुकी हैं जिसमें 23 करोड़ रुपए लग चुके हैं। संस्थान में कर्मचारियों की भर्ती हेतु साक्षात्कार भी हो चुका है।

लेकिन ज्ञात हुआ है कि उक्त संस्थान को सरकार अन्यत्र स्थानान्तरित करने जा रही है जिससे क्षेत्रीय जनता आन्दोलित है और भर्ती हेतु साक्षात्कार देने वाले बेरोजगारों में रोा है। क्षेत्रीय जनता की मांग है कि उक्त संस्थान को मऊ में ही बने रहने दिया जाए।

अतः सरकार से मैं मांग करता हूं कि निर्माणाधीन रा्ट्रीय गन्ना और चीनी प्रौद्योगिकी संस्थान, मऊ उ.प्र. को अन्यत्र स्थानान्तरित न करके मऊ में ही स्थापित रहने दें और कर्मचारियों की भर्ती करके संस्थान को चालू करें।